सार-समाचार

चिकित्सा अधिकारी को रिश्वत लेते दबोचा

रूपवास । शहर के पशु अस्पताल में बुधवार को एसीबी भरतपुर की टीम ने पशु चिकित्साधिकारी को एक हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए धरदबोचा है। उक्त राशि परिवादी से डॉ सौरभ गुप्ता ने चार भैंसों के लिए चारे पानी को लोन मंजूर कराने की फार्म फाइल को पास करने की एवज में मांगी थी। एएसपी अमित कुमार ने बताया कि परिवादी ने कार्यालय में आकर शिकायत दर्ज कराई थी। कि 4 भैंसों के लिए चारे पानी के लोन की फाइल को सत्यापित कर पास करने की एवज में वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ सौरभ गुप्ता दो हजार रुपये रिश्वत की राशि मांग रहा है। तथा नही देने पर तंग परेशान कर रहा है। इस पर परिवादी की शिकायत पर सत्यापन कर गोपनीय तरीके से जांच की। इसके बाद कार्यवाही को अंजाम देने के लिए टीम ने अस्पताल के आसपास जाल बिछा दिया। तो परिवादी एक हजार रुपये की राशि को लेकर डॉ सौरभ गुप्ता के पास पहुचा। तथा राशि देने के बाद ब्यूरो की टीम को इशारा कर दिया। इस पर टीम के सदस्यों ने अस्पताल में जाकर डॉ सौरभ गुप्ता को रिश्वत की राशि लेते हुए रंगेहाथों दबोच लिया। इसके बाद डॉ गुप्ता के हाथ धुलवाए। जिस पर पानी का रंग गुलाबी हो गया। तो ब्यूरो की टीम ने रिश्वत की राशि एक हजार रुपये बरामद कर पानी को बोतल में भरकर सील करने की कार्यवाही की। तथा चिकित्साधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर भरतपुर ले गए। वही आज भरतपुर के न्यायालय में पेश करने की बात कही।

जिला कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी । वजीरपुर उपखण्ड के आखोदिया गांव के ग्रामीणों ने कलेक्टर से ग्राम आखोदिया में हाल ही खसरा नंबर 274 के रास्ते से हटाए गए अतिक्रमण के बाद रास्ते को आबादी से जोडने और सरकारी आबादी भूमि पर किए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। ग्रामीणों कदमसिंह गुर्जर, जितेन्द्र कुमार, श्रीफल, प्रकाश, नारायण, अखेराम गुर्जर, शिवचरण, राजकुमार आदि ने बताया कि आखोदिया में 21 व 22 नवंबर को कलेक्टर और तहसीलदार के निर्देश पर पुलिस जाब्ता भेजकर करीब ढाई किमी तक रास्ते पर किए अतिक्रमण को हटाया गया, लेकिन आबादी के मुख्य रास्ते खसरा नंबर 275 और खसरा नंबर 274 की सीमा के बीच गांव में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर खेती की जा रही है। अतिक्रमणी द्वारा अपने प्रभाव से सरसों की अवैध से फसल उगाई जा रही है। साथ ही अतिक्रमणी ग्रामीणों को धमकी दे रहे है। उन्होंने कलेक्टर से आखोदिया में आबादी खसरा नंबर 275 के मुख्य रास्ते और 274 खसरा नंबर गैर मुमकिन रास्ते तक अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

छात्रों को 2000 रूपए देगी राज्य सरकार

करौली(नि.स.)। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी बबलू शर्मा ने बताया कि सामाजक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार द्वारा संचालित अंबेडकर डीबीटी वाउचर योजना के तहत एससी,एसटी,ओबीसी,ईडब्यूएस,और माइनॉरिटी वर्ग के ऐसे छात्र जो अध्ययन के लिए जो छात्र जिला मुख्यालयों पर संचालित समस्त राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर(केवल शैक्षिणक पाठ्यक्रमों कला, विज्ञान, एवं वाणिज्य संकाय हेतु) अपने घर से दूर दूसरे शहर में किराए के कमरे में रहते हैं। उन्होने बताया कि उन छात्रों हेतु आवास, भोजन एवं बिजली-पानी इत्यादि सुविधाओं हेतु पुनर्भरण राशि के रूप में दो हजार रूपये प्रति महा प्रति वर्ष अधिकतम 10 माह हेतु) दिए जाएंगे। शैक्षिणक सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थियों के आवेदन 30 नंवबर तक लिए जाएंगे एवं चयन के आधार अनुसूचित जाति के 1500, अनुसूचित जनजाति के 1500 एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के 750, अति पिछड़ा वर्ग के 750, आर्थिक पिछड़ा वर्ग के 500 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 500 इस प्रकार कुल 5500 विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिल सकेगा। आवेदन ईमित्र, एसएसओ आईडी के माध्यम से एसजेएमएस पोर्टल पर जनाधार कार्ड के माध्यम से किये जा सकते हैं आवेदन हेतु पात्रता, शर्तों हेतु जारी दिशा-निर्देश का विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

नवाचार थीम पर आयोजन

करौली ,(निसं) ।अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 बिन्दु संख्या 67 के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु ब्लॉक, जिला एवं संभाग स्तर एवं राज्य स्तर पर युवा महोत्सव का विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार थीम पर आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में राजस्थान युवा बोर्ड द्वारा ऑनलाईन पंजीयन प्रकिया प्रारम्भ कर दी गई है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने इस संबंध में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को अधिक से अधिक पंजीयन करवाने के लिए दिशा निर्देश भी दिये है।

शिविर का आयोजन आज

करौली । जिला रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक सत्यनारायण नावरिया ने बताया है कि रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान से प्राप्त निर्देशानुसार कौशल रोजगार एवं उद्यिमता विभाग करौली के द्वारा आज गुरूवार को प्रात: 10:00 बजे से जिला मुख्यालय पर पुरानी कलेक्ट्रेट के पास स्थित डाईट परिसर में एक दिवसीय कौशल रोजगार एवं उद्यिमता शिविर का आयोजन किया जावेगा। 'ांविर मे कई कम्पनियां युवाओं को रिक्त पदों के लिए चयन,प्रशिक्षण कार्यक्रम,स्वरोजगार योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक युवा अपनी शैक्षिणक योग्यताओं से संबंधित अंकतालिका, आधार कार्ड, मूल निवास एवं पासपोर्ट साइज की 4-5 फोटो लेकर उपस्थित होवें।

औषधालय के लिए 20 लाख रुपये स्वीकृत

करौली । करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर कि अनुशंसा पर रतियापुर में औषधालय और नव निर्माण के लिए बीस लाख रुपया स्वीकृत किए है।राजस्थान आयुर्वेदिक औषधालय तुलसीपुरा, सुंदरपुरा, कटकड़, रतियापुरा, पिपरानी,चैनपुर, एकछत करौली में पैसे स्वीकृत हुए है विधायक दर्शन सिंह गुर्जर कि अनुशंसा पर आयुष विभाग में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर शीघ्र ही ब्लड प्रेशर,डायबिटीज,हीमोग्लोबिन,प्रेग्नेंसी टेस्ट, इत्यादि की सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही डांडा ग्राम मासलपुर ब्लॉक में आयुष चिकित्सालय के लिए।

ताला बंदी कर विधुत कनिष्ठ अभियंता निर्भान सिंह का किया घेराव-फोटो 279

भरतपुर (निस)। उप तहसील मुख्यालय लखनपुर स्थित 33/11 विधुत सब स्टेशन पर समाजसेवी एडवोकेट महेश लखनपुर के नेतृत्व मे गांव नगला मई के किसानों के साथ श्री फेस विधुत सप्लाई बाधित होने पर विधुत सबस्टेशन पर तालाबंदी कर उग्र प्रदर्शन कर विधुत कनिष्ठ अभियंता निर्भानसिंह का घेराव किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया की विगत 8-10 दिन से फसल मे पानी हेतु श्री फेस विधुत बाधित हो रही है बार-बार विधुत कटने एवं कम वोल्टेज आने से बोरबलों की मोटरें जल रही हैं। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है एवं फसल सूख रही हैं। कोई भी अधिकारी किसानों के फौन तक नहीं उठाते हैं। समाज सेवी एडवोकेट महेश लखनपुर ने सहायक अभियंता मोहित कटियार पर आरोप लगाया की समय रहते सिस्टम इम्प्रूव किया होता तो रबी सीजन मे फसल को निर्बाध विधुत मिलती परन्तु ऑफिस मे बैठे बैठे विधुत सबस्टेशनों को चला रहे हैं। ऊधर कनिष्ट अभियंता निर्भान सिंह ने समस्या से उच्च अधिकारियों को अवगत करवाकर सोमवार तक विधुत समस्या समाधान का आश्वासन दिया तथा शीघ्र स्पेशल कृषि फीडरों को करीब एक किमी भूमिगत केबल लगाकर विधुत सबस्टेशन से जोडकर विधुत आपूर्ति सुचारु की बात पर ग्रामीण शांत हुए।

संविधान दिवस मनाया

गंगापुर सिटी,। भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय गंगापुर सिटी में आज संविधान दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत शर्मा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं शिक्षकों को संविधान की उद्देशिका एवं संविधान के भाग चार में वर्णित मौलिक कर्तव्यों का वाचन कराया। वाचन के पश्चात उन्होंने कहा कि राजभवन जयपुर में देश का पहला संविधान पार्क राज्यपाल कलराज मिश्र के कार्यकाल में बना था जिसका उद्घाटन राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने किया था। इसके साथ ही कलराज मिश्र के निर्देश पर प्रदेश के कोटा एवं भरतपुर सहित प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालय में संविधान पार्क का निर्माण कराया गया था। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि जब भी वे विश्वविद्यालय जाएं तो संविधान पार्क जरूर देख कर आए। संविधान पार्क में संविधान निर्माता की मूर्तिए संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारए कर्तव्यों के साथ.साथ चित्रों का भी प्रदर्शन किया गया है।

8वें वेतन आयोग के गठन की मांग, केंद्र सरकार को दिया 25 जनवरी तक का अल्टीमेटम

गंगापुर सिटी, (निसं)। 8वें वेतन आयोग के गठन पर केंद्र सरकार ने जनवरी 25 तक कोई निर्णय नहीं लिया तो इसके लिए आरपार का आंदोलन किया जाएगा। साथ ही यूपीएस को ओपीएस से बेहतर स्कीम बनाने तक एआईआरएफ, वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। यह बात यूनियन के जनरल कोषाध्यक्ष इरशाद खान ने बुधवार को रेल पथ निरीक्षक दक्षिण कार्यालय एवं टीआरडी डिपो व लोबी में रेल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कही। कामरेड इरशाद खान ने कहा कि अन्य संगठनों की तरह केवल चुनाव के समय नजर नहीं आता है, यूनियन चौबीस घंटे और 365 दिन कर्मचारियों के बीच मौजूद रहता है। यही कारण है कि यूनियन को कर्मचारियों का काफी समर्थन मिल रहा है। पिछले दिनों हुए संस्थाओं के चुनाव में अधिकतर सीटों पर लाल झंडे का परचम लहराया है।

गंगापुर सिटी में रेल कर्मचारियो को संबोधित करते यूनियन नेता।

इस अवसर पर रेल कर्मचारियों को सम्मिलित करते हुए यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन मंडल उपाध्यक्ष हरिप्रसाद मीणा सहायक मंडल मंत्री श्रीप्रकाश शर्मा एवं राजू लाल गुर्जर ने आगामी 4, 5 व 6 दिसंबर को रेलवे में ट्रेड यूनियन के गुप्त मतदान के संबंध में कहा कि एआईआरएफ के काफी संघर्षों के बाद न्यायालय के आदेश के बाद सीक्रेट बैलेट रेलवे में होना शुरू हुआ, इसके पहले केंद्र में जो सरकार रहती थी, वह अपने संगठन को मान्यता देने का काम करती रही है। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव अन्य चुनाव से काफी अलग है। रेल कर्मचारियों को समझ में आ गया है कि जो संगठन हमेशा उनके सुख-दुख में खडा रहता है, उसे समर्थन देना है और डबलूसीआरईयू इस कसौटी पर पूरी तरह खरा उतरता है। इसलिए रेल कर्मचारियों का वोट यूनियन को मिलेगा। गौरतलब है कि रेलवे में आगामी 4, 5, 6 दिसंबर को यूनियन की मान्यता के लिए होने वाले चुनाव के लिए कर्मचारी संगठनों के नेताओं का कर्मचारियों से संपर्क अभियान तेजी से चल रहा है। यूनियन के पदाधिकारी-कर्मचारी रेलवे के कर्मचारियों से कॉलोनी में उनके घरों पर जाकर और कार्यालय में जाकर संपर्क कर रहे हैं। साथ ही उन्हें अपने संगठन द्वारा किए गए कार्यों एवं आगामी समय में रेल कर्मचारियों के समक्ष चुनौतियों की विषय में समझा रहे हैं। तथा अपने अपने संगठनों को मत देने की अपील कर रहे हैं।

> ■ 8वें वेतन आयोग के गठन पर केंद्र सरकार ने जनवरी 25 तक कोई निर्णय नहीं लिया तो इसके लिए आरपार का आंदोलन किया जाएगा

स्कूलों का किया निरीक्षण

सपोटराकरौला (नि.स.) अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक जगदीश प्रसाद मीना ने बुधवार को शाला संबलन के तहत विभिन्न सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण कर संस्था प्रधानों को नामांकन लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश प्रसाद ने राजकीय उमावि खेड़ा व उमावि सपोटरा का औचक निरीक्षण किया गया। जहां उमावि खेड़ा में नामांकन में नामांकन निर्धारित लक्ष्य से कम मिला। वहीं उमावि सपोटरा में बच्चों का शैक्षिणक स्तर कमजोर मिलने के साथ नामांकन कम मिला।एडीईओ ने बच्चों का शैक्षिणक स्तर, एमडीएम ,नामांकन,स्कूल भवन,कैंपस,कक्षा-कक्ष ,साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल ,भवन आदि का अवलोकन कर संस्था प्रधानों से समस्याओं की जानकारी लेकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना शिक्षक का महत्वपूर्ण दायित्व है विद्यालय से प्रतिदिन बालक कुछ नया सीख कर जाए व आगामी दिन विद्यार्थी का शैक्षिणक स्तर उन्नत हो इस उद्देश्य के साथ कार्य करने की जरूरत है।

'कल्याणकारी योजनाओं का आमजन जागरूक रहकर लाभ लें'

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशीप एवं कल्याणकारी योजनाओं को जैसे सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार, छात्रवृति, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना सहित अन्य विभिन्न योजनाओं का पात्रता के अनुसार जागरूक रहकर लाभ लें।जिला कलेक्टर ने मंगलवार को ग्राम पंचायत हरनगर में आयोजित रात्रि चैपाल में आमजन की समस्याओं पर अधिकारियों व आमजन को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने रात्रि चैपाल में ग्रामीणों के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने, दिव्यांगजन प्रमाणपत्र बनवाने, विद्युत संबंधी समस्या का निस्तारण करने, सब सेंटर से पीएचसी बनवाने, सडक बनवाने, गौशाला खुलवाने, एनएफएसए में नाम जुडवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जुडवाने, रास्ता खुलवाने सहित ग्रामीणों एवं परिवादियों के द्वारा विभिन्न विभागों के प्रकरण प्राप्त हुए। इस पर जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश दिये। इस दौरान उद्यान, पशुपालन, कृषि, चिकित्सा सहित अन्य विभाग के अधिकारियों ने आमजन को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना, सीएमएचओ दिनेश मीणा, कार्यवाहक उपखंड अधिकारी महेन्द्र गुर्जर, विकास अधिकारी, पशुपालन के संयुक्त निदेशक डॉ गंगासहाय मीणा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा, उद्यान विभाग के उपनिदेशक रामलाल जाट, सहित ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

प्रतियोगिताओ का शुभारंभ

करौली । जिला मुख्यालय स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को महात्मा ज्योतिबा फुले के 134वें निवार्ण दिवस के उपलक्ष में सामान्य ज्ञान, जलेबी दौड़, मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

आयोजन प्रभारी रामकुमार माली ने बताया कि आज गुरूवार को विद्यालय परिसर में महात्मा ज्योतिबा फुले का 134वा निर्वाण दिवस मनाया जाएगा इसके उपलक्ष्य में बुधवार को जलेबी दौड़,मेहंदी प्रतियोगिता के अलावा दो वर्गों में सामान्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें करीब 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में रवीना गुनावत कक्षा 9 प्रथम, द्वितीय स्थान पर कक्षा 11 पूजा सैनी,तृतीय स्थान पर कक्षा 9 की अन्नू मिरोठा रही। जलेबी दौड़ में कक्षा 8 की ललिता सैनी प्रथम, द्वितीय स्थान पर शिवानी कश्यप कक्षा 8 जबकि तृतीय स्थान पर कक्षा 8 की ही हिमानी सैनी रही।

बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

करौली,(निसं)। करौली जिला प्रशासन व ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा स्वंतंत्रता सैनानी चिरंजीलाल शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कि सचिव ममता चैधरी के द्वारा माँ सरस्वती के चित्रपट्ट पर माल्यार्पण व धूप बत्ती प्रज्वलित कर किया गया ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान के विजय सिंह माली व् बीना मीना ने अतिथियो का स्वागत करते हुए कार्यक्रम व संस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीना द्वारा बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देते हुए सही उम्र में ही विवाह करने की शपथ दिलवाई उपनिदेशक आईसीडीएस सत्यनारायण नावरिया ने बाल विवाह से होने बाले दुष्परिणामो व उन्हें रोकने के बारे में जानकारी दी। अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमती रजनी गुप्ता ने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है जो समाज को कलंकित कर रही है इसकी रोकथाम जरुरी है।

> ■ बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देते हुए सही उम्र में ही विवाह करने की शपथ दिलवाई

विद्यालय प्रधानाचार्य अनूप कुमार द्वारा बाल विबाह मुक्त भारत को सफल बनाने पर विचार व्यक्त किये इसके बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कि सचिव ममता चैधरी के द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए कानूनी जानकारी देते हुए अंत में सभी को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलवाई मंच संचालन व्याख्याता श्रीमती दीपमाला द्वारा किया गया ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान से विजयसिंह माली ने संस्था के बारे में बताया कि राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन के साथ बाल विवाह के खात्मे के लिए जोश एवं संकल्प के साथ काम कर रही हैं।

हम सभी मिलकर बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को पूरी तरह से खत्म कर देंगे और सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया इस मौके पर ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान से कविता कुशवाह,साधू सिंह सैन,वासना जादौन एवं अध्यापक सुमेर चंद ,ऋषिकेश, रजनीश शर्मा सहित समस्त विद्यालय स्टाप व बच्चों ने भागीदारी कर बाल विवाह को रोकने के लिए शपथ ली।

'बच्चियों को विद्यालयों में संस्कार के साथ आत्मरक्षा हेतु तैयार करें'

करौली, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला करौली के तत्वाधान में आयोजित गाइड कैप्टन यूनिट लीडर बेसिक कोर्स का निरीक्षण एसीबीईओ करौली रजनी गोयल ने किया।

इस अवसर पर गाइड कैप्टन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चियों को नैतिक शिक्षा, चरित्र निर्माण के साथ आत्मरक्षा के गुण में निपुण करने में गाइड कैप्टन की प्रमुख भूमिका है और इसका उचित निर्वहन किया जाना चाहिए उन्होंने सभी विद्यालयों में स्काउट गाइड गतिविधियों के प्रभावी संचालन के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि शिविर में सीखी गई विभिन्न विधाओं को बच्चों को नो बैग डे के दिन संचालित किया जावे एवं उचित रिकॉर्ड संधारण किया जाए। सचिव स्थानीय संघ मुकेश सारस्वत ने बताया कि 22 नवंबर से शुरू होने वाले शिविर में 23 विभिन्न विद्यालयों की महिला अध्यापिकाएं गाइड कैप्टन यूनिट लीडर बेसिक कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है ।

करौली मे आयोजित स्काउट गाईड प्रशाक्षिण शिविर मे उपस्थित अतिथि व संभागी ।

शिविर का समापन आज गुरूवार को होगा इससे पूर्व शिविर संचालक बसन्ती शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्कार्फ पहनाकर स्काउट रीति से स्वागत किया। सभी प्रशिक्षणार्थियों ने सेल्यूट और क्लिपिंग के द्वारा स्वागत किया। सीओ गाइड निरमा मीणा ने बताया कि शिविर में अलग अलग ब्लॉक से अध्यापिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

उन्होंने शिविर के दौरान सिखाई गई विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षक ममता शर्मा हिंडौन सिटी से, गंगापुर से संजू मीणा व बसन्ती शर्मा जयपुर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान कर रही हैं।

शिविरों का आयोजन

भरतपुर (निस)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देश पर जिले के विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों के आवश्यक दस्तावेज बनाने के लिए जिले के शहरी स्तर पर 27 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। जिला कलक्टर ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए शिविरों के सफल संचालन हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त नगर निगम ने बताया कि इन शिविरों में विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्धर्घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों के आवश्यक दस्तावेज जैसे वोटर आई.डी. आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, जनाधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्धर्घुमन्तु समुदाय वर्ग के लिए मूलभूत सुविधाएं जैसे स्वास्थ्य, पेंशन, भूमि आवंटन, आवास व्यवस्था आदि से जोडने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आयुक्त ने बताया कि 28 नवम्बर को नगर निगम क्षेत्र भरतपुर के वार्ड संख्या 36, 37, 38, 39, 40 के लिए नगर निगम भरतपुर में, 29 नवम्बर को वार्ड संख्या 11, 12, 13, 14, 15 के लिए लोहागढ़ स्टेडियम में, 2 दिसम्बर को वार्ड संख्या 16, 17, 18, 19, 20 के लिए आश्रय स्थल हीरादास रैन बसेरा में, 3 दिसम्बर को वार्ड संख्या 21, 22, 23, 24, 25 के लिए पुराना लक्ष्मण मंदिर में, 4 दिसम्बर को वार्ड संख्या 26, 27, 28, 29, 30 के लिए टाउन हॉल किला में, 5 दिसम्बर को वार्ड संख्या 1, 2, 3, 4, 5 के लिए लोहागढ़ स्टेडियम में, 6 दिसम्बर को वार्ड संख्या 6, 7, 8, 9, 10 के लिए लोहागढ़ स्टेडियम में, 9 दिसम्बर को वार्ड संख्या 41, 42, 43, 44, 45, 46 के लिए सामुदायिक भवन जवाहर नगर में, 10 दिसम्बर को वार्ड संख्या 47, 48, 49, 50, 51, 52 के लिए एमएसजे कॉलेज में, 11 दिसम्बर को वार्ड संख्या 53,54,55,56,57 के लिए सामुदायिक भवन एसटीसी हाउसिंग बोर्ड में, 12 दिसम्बर को वार्ड संख्या 58, 59, 60 के लिए रेलवे स्कूल पार्क स्टेशन में एवं 13 दिसम्बर को वार्ड संख्या 61,62,63,64, 65 के लिए शॉपिंग सेंटर पार्किंग रणजीत नगर में प्रात: 10 बजे से सांय 6 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जायेगा। आयुक्त ने बताया कि इन जातियों, समुदाय के पास अपनी पहचान के लिए कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं होते हैं अत: इनकी पहचान साक्ष्य के रूप में प्रमाणित करने ब्यूरा कार्य वार्ड पार्षद, स्थानीय सरकारी कार्मिक, पटवारी, शिक्षक, बीएलओ आदि कर ग्रेंगे।

विद्यालय में किया वृक्षारोपण

हिंडौन सिटी । भारतीय जनता पार्टी की खेड़ा मंडल अध्यक्ष गीता देवी जाट ने अपने बेटे नवदीप सिंह चैधरी के 10 वे जन्मदिन के अवसर पर गांव खेड़ा जमालपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग के अधिकारी,कर्मचारी, गणमान्य लोगों की मौजूदगी में पौधारोपण किया।

इस दौरान उन्होंने मौजूद विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन यापन के लिए पर्यावरण को संरक्षण देना बहुत जरूरी है उन्होंने कहा कि आज प्रदूषण भरे वातावरण में मनुष्य विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहा है जिससे बचने के लिए प्रकृति मे संतुलन बनाना जरूरी है और यह संतुलन पर्यावरण के संरक्षण से ही बनाए जा सकता है उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसे संरक्षण देकर बड़ा करने की जिम्मेदार लेनी चाहिए भाजपा मंडल अध्यक्ष चैधरी की और से समय-समय विद्यालय में शैक्षिक एवं शैक्षिणक गतिविधियों में सहयोग करने में गरीब बच्चों को मदद करने का काम भी किया जाता है इस अवसर पर उनके पति जगदीश सिंह चैधरी सहित गांव के गणमान्य लोग और विद्यालय के समस्त अध्यापक भी मौजूद रहे ।

सेवर कुण्ड के पानी की स्वच्छता को बनाये रखने के निर्देश

भरतपुर, (निस)। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के प्रोजेक्ट डायरेक्टर एंव रुडसिको के कार्यकारी निदेषक पीयूष सामरिया ने परियोजना शहर भरतपुर का दौरा किया और शहरी सौन्दूयीकरण एवं सीवरेज कार्यो का निरीक्षण किया। एक दिवसीय दौरे के दौरान सामरिया ने विभाग के अधिकारियों से शहरी सौन्दूयीकरण एवं सीवरेज कार्यो की प्रगति रिपोर्ट ली साथ ही कार्यो को गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देष दिये। अमृत योजना के अन्तर्गत विकसित किये जा रहे सेवर कुण्ड पर कार्य अवलोकन के दौरान पानी की गुणवत्ता सुधारने के निर्देष प्रदान किये तथा शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये। आरयूआईडीपी द्वारा कराये जा रहे बृजेन्द्र बिहारी कुण्ड के विभिन्न सौन्दूयीकरण कार्यो का निरीक्षण के दौरान पीयूष सामरिया ने कार्यो से सन्तुष्टि व्यक्त की तथा उपस्थित अधिकारियों को कुण्ड के पानी की स्वच्छता को बनाये रखने के लिये जरुरी कदम उठाने हेतु निर्देशित किया। यदि कार्य में कहीं पर किसी तरह की कमिंया है तो अभी सही कराने हेतु निर्देषित किया ताकि आमजन को परियोजना कार्य का लाभ प्राप्त हो सके। निदेषक पीयूसामरिया ने भरतपुर शहर में चल रहे विभिन्न परियोजना कार्यो के सम्बन्ध में जिला कलक्टर डा. अमित यादव, आयुक्त नगर निगम एवं परियोजना से जुड़े हुये अधिकारियो के साथ विस्तृत चर्चा की। इस दौरे के क्रम में नगला गोपाल तिराहा स्थित कार्यरत् 24 एमएलडी क्षमता के एसपीएस 3 का निरीक्षण करते हुये मैकेनिकल उपकरण के उचित रख-रखाव न करने व गन्दगी देखकर आवश्यक निर्देश दिये तथा अमृत परियोजना के अन्तर्गत प्रस्तावित एसपीएस के अपग्रेडेषन के कार्य को शीघ्र करने हेतु निर्देशित किया। इसके बाद, परियोजना निदेषक ने नगला गोपाल स्थित एसटीपी साईट पर किये जा रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया तथा क्वालिटी लैब में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जॉच अपनी उपस्थिती में की। पूर्व में निर्मित एसटीपी का निरीक्षण किया और नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किये। इसके अलावा किला स्थित टाउन हॉल व नेहरु पार्क के चल रहे सौन्दूयीकरण कार्यो का अवलोकन कर निदेशक सामरिया ने कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये। दौरे के अन्त में हीरादास स्थित कुण्ड एवं अमृत 2 के अन्तर्गत निर्मित हो रहे एसपीएस का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान नगर निगम, रुडसिको व आरयूआईडीपी अधिकारीयों को सीवरेज कार्यो की गति बढाकर निर्धारित समय अवधि में कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

आरयूआईडीपी प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने परियोजना शहर भरतपुर का दौरा किया।

जिला कलक्टर ने ली बैठक

भरतपुर (निस)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में बुधवार को डीओआईटी में वीसी के माध्यम से उपखण्डवार विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं विभागवार कार्यक्रमों, अभियानों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन कर पात्रजनों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करें। उपखण्डवार विकास कार्यों, अभियानों की समीक्षा के दौरान उन्होंने घुमन्तु, अर्द्ध घुमन्तु परिवारों के लिए पट्टा वितरण अभियान में उपखण्ड अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं तहसीलदार को समन्वय के साथ सभी पात्र परिवारों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों द्वारा आवास बना रखा है उन्हें पट्टा लेने के लिए भी प्रेरित करें। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर भवन की स्थिति, शौचालय, खेल मैदान, बैठक व्यवस्था आदि में जनसहयोग से सुधारात्मक प्रयास करते हुए ब्लॉकवार मॉडल स्कूल तैयार करवाने के निर्देश दिये।